**आज का मौसम**



बादल छाए रहने और बारिश के आसार।

35.0° अधिकतम तापमान | 28.0° न्यूनतम तापमान

**शहर में आज**

- रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सभागार में आपातकाल पर आयोजित संगोष्ठी में मुख्य अतिथि वित्त मंत्री सुरेश खन्ना दोपहर 1:30 बजे।
- बाग बृगटान सिकलापुर स्थित स्वामी जगन्नाथ मंदिर से स्वामी जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा दोपहर 12 बजे।
- भाजपा युवा मोर्चा की आपातकाल पर संगोष्ठी फ्यूचर यूनिवर्सिटी में दोपहर 2 बजे।
- अग्रवाल सेवा समिति का एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण महाराजा अग्रसेन पार्क रामपुर गार्डन में सुबह 8 बजे।
- अखिल भारतीय साहित्य परिषद ब्रज प्रांत की ओर से सनातन संस्कृति में वृक्ष के महत्व पर गोष्ठी शील ग्रुप सिटी ऑफिस गांधी उद्यान के सामने शाम 5 बजे।
- बरेली कॉलेज के पुस्तकालय विभाग में मां सरस्वती प्रतिमा का अनावरण शाम 5 बजे।

# नगर निगम कार्यकारिणी में भाजपा का परचम, सपा का सिर्फ एक सदस्य

## सभी छह कार्यकारिणी सदस्य निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए, अब कार्यकारिणी में भाजपा के 10 और सपा के दो सदस्य हुए

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** नगर निगम कार्यकारिणी के चुनाव में एक बार फिर भाजपा ने परचम लहरा दिया। सभी छह कार्यकारिणी सदस्य निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए, जिनमें से पांच सदस्य भाजपा और एक सपा के चुने गए। अब कार्यकारिणी में भाजपा की सदस्य संख्या 10 हो गई है, जबकि सपा के दो पार्षद होंगे।

गुरुवार सुबह 11 बजे नगर निगम के सभागार में मेयर डॉ. उमेश गौतम और नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य की मौजूदगी में चुनाव की प्रक्रिया शुरू हुई। इसमें कार्यकारिणी में से छह सदस्यों पार्षद सलीम पटवारी, सर्वेश रस्तोगी, गरिमा, नीरज, सौरव कुमार और सागर मौर्य के कार्यकाल समाप्त होने की घोषणा की गई। इसके बाद रिक्त हुई छह सीटों के लिए नामांकन हुआ। इसमें भाजपा की ओर घोषित प्रत्याशी वार्ड 38 से हर्ष कुमारी, वार्ड 43 से पूनम राठौर, वार्ड 72 से मुकेश सिंघल, वार्ड 23 से सतीश कातिब और वार्ड 47 से रंजीत वाल्मीकि ने पर्चा दाखिल किया, जबकि सपा की ओर से वार्ड 73 से गुल बशर ने नामांकन प्रपत्र भरे। 30 मिनट के निर्धारित समय में किसी ने नामांकन नहीं किया। इस कारण सभी प्रत्याशी निर्विरोध चुने गए। कार्यकारिणी के चुनाव प्रक्रिया पूरी होने के बाद मेयर ने नव-निर्वाचित सदस्यों को बधाई दी और विकास में उनके योगदान की आशा जताई। इस दौरान मौजूद भाजपा कार्यकर्ताओं और पार्षदों ने जीत का जश्न मनाया और मिठाई बांटी, जबकि सपा पार्षद दल के नेता गौरव सक्सेना, पार्षद राजेश अग्रवाल आदि ने एक दूसरे को बधाई दी।



कार्यकारिणी के नवनिर्वाचित सदस्यों के साथ मेयर डॉ. उमेश गौतम और नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य। ● अमृत विचार

### नए सदस्यों में वरिष्ठता का ख्याल, राजनीतिक विवाद से किनारा

कार्यकारिणी के चुनाव में भाजपा की ओर से प्रत्याशी बनाए गए पार्षदों की वरिष्ठता का ख्याल रखा गया है। इसको लेकर चर्चा है कि इससे राजनीतिक विवाद नगर निगम में नहीं उत्पन्न होगा। भाजपा ने इंदिरा नगर के पार्षद सतीश कातिब मम्मा को एक बार फिर से कार्यकारिणी में भेजा है, जो कई बार कार्यकारिणी के सदस्य रह चुके है। इसके अलावा एक बार उपसभापति, तीन बार बीडीए बोर्ड और एक बार जिला योजना समिति में सदस्य रह चुके है। आलमगीरीगंज के पार्षद मुकेश सिंघल भी एक बार कार्यकारिणी के सदस्य रह चुके हैं। इसके अलावा तीन नए पार्षदों को अवसर दिया गया है। वहीं सभी वर्ग को प्रतिनिधित्व देना बताया जा रहा है।

### भाजपा के नरेंद्र सिंह का उपसभापति बनना तय

वार्ड 26 आईवीआरआई के पहली बार पार्षद बने नरेंद्र सिंह को उपसभापति पद के लिए भाजपा ने प्रत्याशी घोषित किया है। कार्यकारिणी में भाजपा के सदस्यों की संख्या बहुमत से काफी अधिक होने के कारण यह तय माना जा रहा है कि उन्हें उपसभापति निर्विरोध चुन लिया जाएगा। अब चर्चा है कि अगली कार्यकारिणी की बैठक में चुनाव में उनके नाम की घोषणा कर दी जाएगी।

### सपा के गुल बशर का कार्यालय पर स्वागत

नगर निगम कार्यकारिणी में सपा के पार्षद गुल बशर अंसारी के निर्विरोध चुने जाने पर पार्टी कार्यालय पर उनका जिलाध्यक्ष शिवचरन कश्यप और महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान पूर्व विधायक विजयपाल सिंह, महासचिव पंडित दीपक शर्मा, पार्षद दल नेता गौरव सक्सेना, अशोक यादव, राजेश मौर्या, समर्थ मिश्रा, सुरेन्द्र सोनकर, पार्षद मो. आरिफ कुरैशी, अब्दुल कयूम खां मुन्ना, अलीम सुल्तानी, शमीम अहमद, कांकर टोला पार्षद प्रतिनिधि सनी मिर्जा आदि मौजूद रहे।

# 80 लाख की फाल्ट लोकेटर मशीन बनी कबाड़, भूमिगत फाल्ट ढूंढने में लगे 7 घंटे

## आकांक्षा एन्क्लेव फीडर की भूमिगत लाइन में सुबह 10 बजे हुआ फाल्ट शाम करीब 5 बजे के बाद तलाश पाए अधिकारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- एसडीओ, जेई, एसएसओ और लाइनमैन की टीम भूमिगत फाल्ट तलाशने के लिए करीब सात घंटे जूझती रही
- करीब ढाई सौ मीटर एरिया में की गई खोजबीन, मुंशीनगर, रामायण वाटिका कॉलोनी के हजारों उपभोक्ता रहे बेहाल

**अमृत विचार:** भूमिगत लाइन में फाल्ट ढूंढने के लिए बरेली स्मार्ट सिटी लिमिटेड से खरीदी गई करीब 80 लाख रुपये की फाल्ट लोकेटर मशीन कबाड़ बन गई है, वह रामपुर गार्डन स्थित बिजलीघर में खड़ी है। वहीं बार-बार हो रहे भूमिगत हो रहे फाल्ट ढूंढने के लिए अधिकारियों से लेकर कर्मचारी बेबस नजर आ रहे हैं। आकांक्षा एन्क्लेव फीडर की भूमिगत लाइन में बृहस्पतिवार की सुबह करीब 10 बजे फाल्ट हो गया। इस फाल्ट को ढूंढने के लिए एसडीओ, जेई, एसएसओ व लाइनमैन की टीम करीब सात घंटे जूझती रही मगर उन्हें भूमिगत फाल्ट नहीं मिला। जबकि आधा दर्जन एरिया के डिप खोलकर देख लिए। करीब ढाई सौ मीटर का एरिया में खोजबीन करने के बाद टीम शाम को फाल्ट ढूंढ पाई। भूमिगत लाइन की क्षतिग्रस्त मिली केबल को दुरुस्त करने के बाद बिजली आपूर्ति सुचारू की गई। महानगर सब स्टेशन के सैकड़ों घरों की बिजली सुबह करीब 10 बजे से लेकर शाम 5 बजे के बाद तक गुल रही। दिनभर लाइन नहीं आने की वजह से लोगों के घरों के इन्वर्टर जवाब दे गए। सबमर्सिबल पंप नहीं चले, इस वजह से बिजली के साथ पानी का संकट भी गहरा गया। महानगर सबस्टेशन के आकांक्षा एन्क्लेव फीडर से मुंशीनगर, आकांक्षा एन्क्लेव, रामायण वाटिका कालोनी, एलआईसी कालोनी में गुरुवार की सुबह 10 बजे बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। बिजली कर्मचारी पूरा दिन अलग-अलग जगहों पर भूमिगत केबल में फाल्ट तलाशते रहे, लेकिन शाम पांच बजे तक उन्हें फाल्ट नहीं मिला। इसके बाद नए सिरे से फिर खोजबीन की गई। उसके बाद साढ़े पांच बजे बिजली आपूर्ति बहाल करायी गयी। ऐसे में पूरा दिन हजारों घरों में रहने वाले लोग बिना बिजली के गर्मी में परेशान होते रहे। लगातार कटौती होने से उपभोक्ताओं के इन्वर्टर भी जवाब दे गए। इस दौरान उपभोक्ताओं ने बिजली की लखनऊ की हेल्पलाइन से लेकर बरेली के अफसरों के मोबाइल पर कई बार शिकायत की।

इससे एसडीओ और जेई पर ज्यादा दबाव बना। रामायण वाटिका कालोनी के रहने वाले सुनील, मुकेश, सरिता, अभि आदि उपभोक्ताओं ने बताया कि बिजली व्यवस्था खराब है। दिनभर बच्चे और बुजुर्ग परेशान रहे, लेकिन अधिकारी भूमिगत फाल्ट नहीं ढूंढ पाए, जबकि करोड़ों रुपये सालभर में बिजली विभाग की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने पर खर्च किया गया है।



मुख्य अभियंता कार्यालय के बाहर लगे ट्रांसफार्मर की सफाई करते कर्मचारी।

### आलमगिरीगंज में वोल्टेज कम और ज्यादा होने से बिजली उपभोक्ता हुए परेशान

कुतुबखाना सब स्टेशन के आलमगिरीगंज में वोल्टेज कम और ज्यादा होने से उपभोक्ता परेशान रहे। वही मिशन सबस्टेशन के बिहारीपुर में लोकल फाल्ट के चलते बिजली आपूर्ति प्रभावित रही। सुभाषनगर सबस्टेशन के इन्द्रपुरम, पटेल विहार, बालाजी मंदिर के पीछे, सिविल लाइंस के कई इलाकों में फेस नहीं आने की समस्या रही। किला सबस्टेशन के कई इलाकों में लो वोल्टेज के साथ बिजली कटौती होने से उपभोक्ता परेशान हुए। राजेन्द्रनगर में पोल से तार टूट जाने से बिजली आपूर्ति प्रभावित रही। सिविल लाइंस टू सबस्टेशन के बीकानेर होटल के पास ट्रांसफार्मर का जंपर उड़ जाने से बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई। रामपुर गार्डन, मढ़ीनाथ, डेलापीर, शाहदाना, कोहाड़ापीर, लोहिया बिहार, आदि जगह पर भी गुरुवार को लोकल फाल्ट और ट्रिपिंग से उपभोक्ता परेशान हुए।

# कुतुबखाना से किला क्रॉसिंग तक 70 पोल खुले मिले

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- मोहर्रम और कावंड़ यात्रा से पहले बिजली विभाग के अधिकारियों के निरीक्षण में सामने आई खामियां

**अमृत विचार:** मोहर्रम के जुलूस और सावन में कांवड़ यात्रा की तैयारी बिजली विभाग ने शुरू कर दी है। मुख्य अभियंता के निर्देश पर अधिशासी अभियंता ने किला क्षेत्र में कुतुबखाना से किला क्रॉसिंग तक के रूट का निरीक्षण किया तो 70 जगह बिजली के खंभे खुले मिले और सर्विस केबल भी लटक रही थी। अधिशासी अभियंता ने जुलूस और कांवड़ यात्रा के दौरान इनसे हादसे का खतरा बताते हुए रिपोर्ट अधिकारियों को भेजी है। अधिकारियों ने खुले पोल और सर्विस केबल को सही करने के निर्देश दिए।

मोहर्रम के जुलूस और कावंड़ यात्रा के रूट पर अधिशासी अभियंता रामलाल ने निरीक्षण में पाया कि किला क्रॉसिंग के पास प्राचीन हनुमान मंदिर के सामने 11 केवी फीडर के रोड क्रॉस एक स्पैन की गार्डिंग और एलटी लाइन को ऊंचा कराने की जरूरत है। इसके अलावा निर्धारित रूट पर 11 केवी लाइन के लगभग 70 पोल पर पॉलीथिन चढ़ाना जरूरी है। इसके अलावा सर्विस केबल काफी नीचे लटक रही है, जिसे ऊंचा कराना जरूरी है। मोहर्रम के जुलूस के बाद सावन माह शुरू होने के बाद अलखनाथ मंदिर रूट पर बड़ी संख्या में कांवड़िये जल चढ़ाने के लिए पहुचेंगे। ऐसे में हादसे का खतरा जताते हुए जल्द ही काम पूरा कराने के निर्देश दिए गए हैं।

## मध्यांचल एमडी आज करेंगी समीक्षा बैठक

**बरेली, अमृत विचार :** मध्यांचल विद्युत वितरण निगम की एमडी रिया केजरीवाल शुक्रवार को विभागीय अधिकारियों के साथ विकास भवन में समीक्षा बैठक करेंगी। गुरुवार को पूरा दिन बिजली विभाग के अधिकारी एमडी की बैठक को लेकर तैयारी में लगे रहे। बैठक में एनर्जी के सापेक्ष राजस्व, पिछले सालों की तुलना में राजस्व में बढ़ोत्तरी, लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली, टर्न अप, बिलिंग की स्थिति, नेवर पेड उपभोक्ताओं की स्थिति, 1912 पर आने वाली शिकायतों के निस्तारण के साथ, मीटर लगाने से लेकर खराब मीटर बदलने, गलत बिल, लोड बढ़ाने, बिजली कनेक्शन, बिजली आपूर्ति समेत अन्य की समीक्षा होगी।

**एक नजर**

## दो दिन में मलेरिया के 11 नए मरीज मिले, डीबीसी टीमें होंगी सक्रिय

**बरेली,अमृत विचार :** बारिश के बाद जिले में मलेरिया के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। पिछले दो दिनों में 11 नए मरीज सामने आए हैं। अब मरीजों की संख्या 356 पहुंच गई है। स्वास्थ्य विभाग मलेरिया की रोकथाम के लिए जल्द डोमेस्टिक ब्रीडिंग चेकर्स (डीबीसी) की टीमें लगाएगा। ये टीमें अगले सप्ताह से लार्वा खोजी अभियान चलाएंगी। जिला मलेरिया अधिकारी सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि बारिश के बाद घरों में लार्वा मिलने की संभावना बढ़ जाती है, हालांकि अब तक घरों में लार्वा नहीं मिला है। पिछले दिनों देहात क्षेत्र में कुछ खेतों में लार्वा मिलने पर टीमों ने वहां निरोधात्मक कार्रवाई की थी। अब शहरी क्षेत्र में लार्वा खोजी अभियान चलाया जाएगा। सबसे पहले टीमों को जिले के पांच संवदेनशील ब्लॉक मझगवां, शेरगढ़, बिथरी चैनपुर, फतेहगंज पश्चिमी और भमोरा में भेजा जाएगा। वहीं शहरी क्षेत्र में लार्वा खोजी अभियान चलाने की जिम्मेदारी नगर निगम को दी गई है।

# ट्रामा विंग जल्द होगी शुरू दो डॉक्टरों की हुई पोस्टिंग

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- शासन स्तर से जल्द 40 नर्सिंग स्टाफ व विशेषज्ञों की होगी तैनाती
- अति गंभीर मरीजों को मिलेगा इलाज, अभी किए जाते हैं रेफर

**अमृत विचार:** जिला अस्पताल में आईसीयू न होने से अति गंभीर मरीजों को हायर सेंटर रेफर किया जाता है लेकिन अब जल्द ही इन मरीजों को भी इलाज मिल सकेगा। अस्पताल में बनकर तैयार हुई ट्रामा विंग में डॉक्टरों और स्टाफ की तैनाती शुरू हो गई है। शासन ने दो इमरजेंसी मेडिकल ऑफिसर की पोस्टिंग की गई है। इस संबंध में शासन से अस्पताल प्रशासन को पत्र मिला है। जल्द ही अन्य स्टाफ की भी पोस्टिंग होने पर विंग की शुरुआत कर दी जाएगी।

करीब दो साल पहले शासन ने जिला अस्पताल में ट्रामा विंग बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी, बीते साल भवन बनकर तैयार हो गया लेकिन मानव संसाधन और उपकरण न होने से संचालन अटका है। ट्रामा विंग में इमरजेंसी मेडिकल ऑफिसर के साथ ही करीब 40 नर्सिंग स्टाफ, पैरा मेडिकल और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी शासन स्तर से ही तैनात किए जाएंगे। विभागीय अधिकारियों के अनुसार बीते दिनों शासन स्तर से हुई वीडियो कांफ्रेंसिंग में भी उच्चाधिकारियों ने ट्रामा विंग के संचालन को लेकर संसाधन पूर्ण करने की बात कही थी।

### ये सुविधाएं मिलेंगी

एडीएसआईसी डॉ. अलका शर्मा के अनुसार दो ईएमओ को विंग में तैनात करने संबंधी पत्र मिला है। अन्य संसाधन पूर्ण होते ही सुविधा शुरू कर दी जाएगी। इससे अति गंभीर मरीजों को काफी लाभ मिलेगा। बताया कि ट्रामा विंग में ईएमओ के साथ ही आर्थो और सर्जरी के विशेषज्ञ डॉक्टर, नर्स और पैरामेडिकल स्टाफ 24 घंटे उपलब्ध रहेगा। ऑपरेशन थिएटर, एक्सरे रूम और पैथोलॉजी लैब होगी। छह बेड का आईसीयू होगा। साथ ही दो नर्सिंग स्टेशन और एक रिकार्ड रूम भी बनाया जाएगा।

# वार्ड 64 में घरों से नहीं उठ रहा कूड़ा फैली गंदगी

**बरेली, अमृत विचार:** स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट एरिया बेस्ड डेवलपमेंट का वार्ड 64 सिकलापुर नगर निगम से चंद कदमों की दूरी पर है लेकिन डोर टू डोर कूड़ा नहीं किया जा रहा है। पार्षद जय प्रकाश राजपूत ने नगर आयुक्त से शिकायत की है कि एजेंसी कागजों में हर रोज कूड़ा कलेक्शन कर भुगतान ले रही है।

वार्ड में कूड़ा उठाने वाले दो दिनों से नहीं आ रहे हैं। पूर्व पार्षद बिलाल कुरैशी के राजा चौक के घर के आसपास से कूड़ा कलेक्शन नहीं हो रहा है, जबकि मोहर्रम का माह शुरू होने वाला है। सफाई व्यवस्था चौपट है और घरों का पूरा कूड़ा सड़क पर लोग फेंक रहे हैं। इसके साथ ही गांधी आश्रम के पास एक सप्ताह से सीवर लाइन पूरी बंद पड़ी है। लोगों के घरों में सीवर का पानी भरा हुआ है लेकिन सफाई नहीं की जा रही है। कई बार जलकल विभाग के संबंधित अधिकारी को शिकायत की गई लेकिन समस्या का निदान नहीं हुआ है।

# गोरखपुर में ब्लॉक की वजह से से नौ ट्रेनें होंगी प्रभावित

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पांच ट्रेनों को मार्ग बदलकर और चार को देरी से चलाया जाएगा

**अमृत विचार:** गोरखपुर में ब्लॉक की वजह से बरेली होकर गुजरने वाली नौ ट्रेनें प्रभावित होंगी। इनमें पांच ट्रेनों को मार्ग बदलकर और चार को तीन घंटे की देरी से चलाया जाएगा।

रेलवे के मुताबिक 14673 जयनगर-अमृतसर एक्सप्रेस 30 जून और 2 जुलाई को छपरा, गोरखपुर, गोंडा, बाराबंकी के स्थान पर छपरा, फेफना, मऊ, शाहगंज, अयोध्या कैंट, बाराबंकी के रास्ते चलाई जाएगी। 05577 सहरसा-आनंद विहार टर्मिनल स्पेशल ट्रेन 27, 29, 30 जून और 2 जुलाई को दरभंगा, सीतामढ़ी, रक्सौल, नरकटियागंज, गोरखपुर, गोंडा, बुढ़वल, सीतापुर, रोजा के स्थान पर दरभंगा, सीतामढ़ी, मुजफ्फरपुर, छपरा, औंड़िहार, वाराणसी, मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, लखनऊ, रोजा के रास्ते चलाई जाएगी। इसके अलावा 04618 अमृतसर-सहरसा 30 जून को रोजा, सीतापुर, गोंडा, मनकापुर के स्थान पर रोजा, लखनऊ, बाराबंकी, अयोध्या कैंट, मनकापुर के रास्ते चलाई जाएगी। न्यू जलपाईगुड़ी से 19 अगस्त को चलने वाली 12523 न्यू जलपाईगुड़ी-नई दिल्ली एक्सप्रेस नई दिल्ली के स्थान पर आनंद विहार टर्मिनल पर अपनी यात्रा 11:55 पर समाप्त करेगी। नई दिल्ली से 20 अगस्त को चलने वाली 12524 नई दिल्ली-न्यू जलपाईगुड़ी एक्सप्रेस नई दिल्ली के स्थान पर आनंद विहार टर्मिनल से 15:20 बजे प्रस्थान करेगी। अमृतसर से 17 अगस्त को चलने वाली 12204 अमृतसर-सहरसा एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग आदर्शनगर दिल्ली-नई दिल्ली-तिलक ब्रिज-साहिबाबाद के स्थान पर परिवर्तित मार्ग आदर्शनगर-दिल्ली-शाहदरा-साहिबाबाद के रास्ते चलाई जाएगी।


# रोड कटिंग का खेल, 30 दिन पहले बनी सड़क पर फिर खोदे 42 गड्ढे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- नई बनी सड़क पर भूमिगत बिजली केबल डालने के लिए खोदे गए गड्ढे
- डीडीपुरम उपकेंद्र से मूर्ति नर्सिंग होम तक खोदी गई सड़क का मामला

**अमृत विचार :** नगर निगम में रोड कटिंग के नाम पर इंजीनियरों की मिलीभगत से बड़ा खेल जारी है। इसको लेकर भाजपा के पार्षद ने नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य से शिकायत की है। उन्होंने बताया है कि डीडीपुरम उपकेंद्र से मूर्ति नर्सिंग होम तक एक माह पहले बनी सड़क को खोद दिया गया है। भूमिगत बिजली लाइन डालने के लिए सड़क पर 42 गड्ढे कर दिए। इससे लोगों को परेशानी हो रही है।

भाजपा पार्षद कपिल कांत सक्सेना ने आरोप लगाया है कि नगर निगम के अभियंता ने भूमिगत केबल डालने के लिए बिना रोड कटिंग शुल्क जमा कराए ही सड़क पर गड्ढे खोदने की अनुमति दे दी। उन्होंने बताया कि डीडीपुरम उपकेंद्र से मूर्ति नर्सिंग होम तक भूमिगत केबल बिछाई गई है। इस सड़क के चौड़ीकरण का कार्य एक माह पहले ही पूरा हुआ है, लेकिन इसके बावजूद बिना कटिंग शुल्क जमा कराए नियम विरुद्ध तरीके से अनुमति देकर नगर निगम को लाखों रुपये के राजस्व की हानि पहुंचाई गई है।



भूमिगत बिजली लाइन डालने के लिए खोदे गए गड्ढे।

### नगर आयुक्त ने जांच के दिए आदेश

नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने मामला सामने आने पर उन्होंने बिना अनुमति के सड़क खोदाई करने वाली फर्म पर कार्रवाई करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। साथ आरोपी जेई से जवाब तलब किया है। पूरे प्रकरण की जांच कराने का निर्देश दिए हैं।

# बीसलपुर रोड पर खुदाई से पाइप लाइन टूटी, गड्ढों से राहगीर परेशान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** बीसलपुर रोड के चौड़ीकरण के दौरान बेतरतीब खुदाई से बार-बार पानी की पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो जा रही है। इसके कारण कई कॉलोनियों के लोगों को दिक्कत हो रही है। काम की रफ्तार धीमी होने के वजह से लोगों को गड्ढों से होकर गुजरना पड़ रहा है।

इस समय दो जगहों पर पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण अग्रसेन कॉलोनी, साई रेजिडेंस कॉलोनी सहित अन्य पास के वार्डों में पानी की आपूर्ति बंद है। वहीं खुदाई के कारण गड्ढों में पानी भरने के कारण लोगों को आने जाने में दिक्कत हो रही है। हरुनगला की पार्षद गौरी पटेल का आरोप है कि फर्म मनमाने तरीके से खुदाई कर रही है। इसकी वजह से पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो जा रही है। इसको लेकर नगर निगम से शिकायत के करने के बाद टीम नहीं पहुंच रही है। पार्षद के प्रतिनिधि राजेश पटेल ने बताया कि खुदाई के कारण काफी दिक्कत हो रही है। शुक्रवार को नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य से मिलकर मामले की शिकायत करूंगा।

**यहां तो ईटों के सहारे घर तक पहुंच रहे:** वार्ड संख्या 4 नेकपुर गौटिया में जलभराव के कारण लोग परेशान हैं। लोगों के आने जाने के लिए ईंटों का सहारा लेना पड़ता है। शिकायत के बाद भी नाला न बनने के कारण लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा रहा है। हल्की बारिश में ही जलभराव की समस्या उत्पन्न हो जा रही है। मोहल्ले के रहने वाले राहुल ने बताया कि जलनिकासी की व्यवस्था न होने के कारण जलभराव की समस्या उत्पन्न हो रही है। यहां पर पास में ट्रांसफार्मर है और हादसे का भय है।



पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होने से जलभराव। ● अमृत विचार



जलभराव की वजह से खस्ताहाल हुआ बीसलपुर मार्ग। ● अमृत विचार



ईंटों के सहारे आते जाते लोग ।



बीसलपुर रोड पर नकटिया नदी के पुल की टूटी एप्रोच रोड । ● अमृत विचार

### नकटिया नदी पर बने पुल की एप्रोच रोड धंसी

बीसलपुर रोड पर नकटिया नदी पर बने पुल की एप्रोच रोड बारिश के कारण एक जगह पर धंस गई है। दूर से गड्ढा राहगीरों को दिखाई नहीं दे रहा है और हादसे का भय रहता है। सुरक्षा को लेकर जिम्मेदार अधिकारी बेपरवाह हैं।


श्री जगन्नाथ रथयात्रा
की एम. के. बन्धानी हींग परिवार की ओर से
हार्दिक शुभकामनाएं

# पीसीएस अफसर के आवास के ताले तोड़कर ईडी टीम ने कई घंटे खंगाले कागजात


## इंटरनेशनल सिटी में पीसीएस अफसर के आवास पर सुबह नौ बजे छापेमारी शुरू की

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने गुरुवार को उत्तराखंड के डोईवाला चीनी मिल के अधिशासी निदेशक वरिष्ठ पीसीएस अधिकारी दिनेश प्रताप सिंह (डीपी सिंह) के बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र में इंटरनेशनल सिटी स्थित आवास को घंटों खंगाला। ईडी की टीम पीसीएस अफसर के आवास पर कई घंटों तक कागजात खंगाले। दिनेश प्रताप सिंह राष्ट्रीय राजमार्ग-74 भूमि अधिग्रहण घोटाले में मुख्य आरोपी हैं।

ईडी टीम ने इंटरनेशनल सिटी में उनके आवास पर सुबह नौ बजे छापा मारा। घर में ताले लगे थे। मकान में कोई मौजूद नहीं था। आस-पास के लोगों से पूछने पर जानकारी हुई कि आवास पर पिछले साल से कोई नहीं आया है। टीम ने गेट का ताला तोड़कर घर में प्रवेश किया और मुख्य द्वार का कुंडा भी निकाल दिया। इसके बाद लॉकर तोड़कर जांच शुरू की गई। टीम ने मौके से कई दस्तावेज कब्जे में लिए हैं। दरअसल, दिनेश प्रताप सिंह राष्ट्रीय राजमार्ग-74 भूमि अधिग्रहण घोटाले में भी मुख्य आरोपी हैं। वर्ष 2011 से 2016 के बीच गदरपुर और आसपास की कृषि भूमि को गैर-कृषि दिखाकर मुआवजे में 240 करोड़ रुपये से अधिक का खेल किया गया। भूमि घोटाले की जांच के लिए गठित की गई एसआईटी ने नवंबर 2017 में दिनेश को गिरफ्तार करके जेल भेजा और 15 माह बाद हाईकोर्ट से जमानत पर रिहा हुए थे।


इंटरनेशनल सिटी में पीसीएस अफसर का आवास। ● अमृत विचार


गेट का तोड़ा गया ताला। ● अमृत विचार

### अधिकारी ने बेटी को पढ़ने के लिए हार्वर्ड भेजा

दिनेश प्रताप सिंह ने बेटी को हार्वर्ड यूनिवर्सिटी में पढ़ाई के लिए भेजा है। जहां पर लाखों रुपये सिर्फ फीस के रूप में जमा करना पड़ता है। उनकी पत्नी अलका सिंह विधानसभा का चुनाव भी लड़ चुकी हैं। अब ईडी की नजर उनके नाम दर्ज संपत्तियों पर भी है। ईडी को संदेह है कि घोटाले की धनराशि का इस्तेमाल राजनीतिक प्रचार, जमीन खरीद और महंगे खर्चों में किया गया है।

## चाइनीज मांझे से व्यापारी घायल



**बरेली, अमृत विचार :** चाइनीज माझा की चपेट में आने से गारमेंट्स व्यापारी शानू काजमी घायल हो गए। शानू काजमी ने बताया कि गुरुवार को वह स्कूटी से सीबीगंज जा रहे थे। इस दौरान किला पुल पर उनके ऊपर मांझा गिर गया। उन्होंने माझा हटाने का प्रयास किया, तो उनकी अंगुली मामूली रूप से कट गई। इसके बाद उन्होंने पुल से मांझा हटाया और आगे बढ़ गए। शानू ने लोगों से कहा कि शहर में पुलों पर धीमी गति से चलें, जिससे मांझे की चपेट में आकर घायल होने से बच सकते हैं।

## पीसीएस अफसर की पत्नी अलका सिंह ने कांग्रेस से लड़ा था बिथरी विधानसभा का चुनाव

- पहले भाजपा से जुड़ी, लेकिन 2022 में टिकट नहीं मिलने पर कांग्रेस कर ली थी ज्वाइन
- शपथपत्र में अलका सिंह ने चार करोड़ से अधिक दिखाई थी संपत्ति, मिले थे 1482 वोट

**बरेली, अमृत विचार :** उत्तराखंड के ऊधमसिंह नगर के राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच)-74 के चौड़ीकरण के लिए भूमि अधिग्रहण में हुए घोटाले में फंसे पीसीएस अधिकारी डीपी सिंह की पत्नी अलका सिंह ने 2022 में कांग्रेस के टिकट पर बिथरी चैनपुर सीट से विधानसभा का चुनाव लड़ा था। हालांकि चुनाव में उन्हें करारी शिकस्त मिली थी और मात्र 1482 वोट ही हासिल कर सकी थीं

पीसीएस अधिकारी डीपी सिंह की पत्नी अलका सिंह पहले भाजपा में महिला मोर्चा की पदाधिकारी थीं, लेकिन जब पार्टी ने विधानसभा चुनाव में टिकट नहीं दिया तब वह कांग्रेस से जुड़ गईं और दिल्ली जाकर प्रियंका गांधी से मिलकर कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करने के साथ ही बिथरी चैनपुर विधानसभा सीट से टिकट हासिल कर लिया। अलका सिंह ने 2022 में विधानसभा चुनाव के दौरान बतौर कांग्रेस प्रत्याशी नामांकन कराने के दौरान अपनी संपत्ति को लेकर शपथपत्र दिया था। इस शपथपत्र के अनुसार अलका सिंह ने अपनी संपत्ति चार करोड़ रुपये से अधिक दिखाई थी।

इसमें अपने पास 540 ग्राम सोना और दो किलो चांदी के साथ पति के पास 400 ग्राम सोना भी दिखाया था। पोस्ट ग्रेजुएट अलका सिंह एडवोकेट भी हैं। उन्होंने चुनाव खर्च के रूप में करीब 13 लाख 23 हजार से अधिक रुपये खर्च होने का शपथपत्र भी जमा किया था। अलका सिंह इंटरनेशनल सिटी कालोनी में रहती हैं। चुनाव में उन्हें 1482 वोट ही मिले थे।

दरअसल, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को पीसीएस अधिकारी डीपी सिंह के देहरादून के राजपुर स्थित निवास, बरेली के इंटरनेशनल सिटी कालोनी स्थित आवास सहित अन्य ठिकानों पर छापा मारा है। ईडी ने 5 अगस्त 2022 को डीपी सिंह सहित सात आरोपियों के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत चार्जशीट दाखिल की थी। जांच में पाया था कि इन आरोपियों ने 7.99 करोड़ रुपये अपराध से अर्जित धन (प्रोसीड्स ऑफ क्राइम) के रूप में अवैध रूप से कमाया था। ईडी इस मामले में लगातार साक्ष्यों को जुटा रही है ताकि दोषियों को कानून के कठघरे में लाया जा सके।

# शरारती तत्वों ने पहले काटी बिजली, फिर प्रतिमा पर हथौड़े से किए प्रहार

## सोलर ऊर्जा से चल रहे सीसीटीवी कैमरे में सारी घटना हुई कैद, गांव में बढ़ा तनाव, पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों ने डाला डेरा

संवाददाता, बरेली/नवाबगंज

**अमृत विचार :** नवाबगंज क्षेत्र के गंगापुर गांव स्थित ब्रह्म देव स्थल पर लगाई गई डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त करने से पहले शरारती तत्वों ने विद्युत लाइन काट दी थी। सीसीटीवी कैमरे तोड़ने का भी प्रयास किया, लेकिन सोलर पैनल से चल रहे सीसीटीवी कैमरे में पूरी घटना कैद हो गई। गांव में तनाव बना है।

पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों ने गांव में डेरा डाल लिया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार संबंधित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। वहीं, लगातार हो रहे बवाल के बाद नवाबगंज इंस्पेक्टर को हटा दिया। उनके स्थान पर सुभाषनगर के इंस्पेक्टर को कमान सौंपी गई है।

थाना क्षेत्र के गांव गंगापुर निवासी ताराचन्द ने गांव के ही 19 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। ताराचंद्र ने आरोप लगाया कि सार्वजनिक स्थल पर बाबा भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा स्थापित की गई है। जब से प्रतिमा स्थापित हुई है, तभी से गांव के उमाचरन, प्रेमपाल, सतेंद्र कुमार, विजय कुमार, सुरेन्द्रपाल, कपिल, बेनीराम, ओमकार, कुलदीप, रोहनलाल, भागीरथ, मदनलाल, रामस्वरुप, उमाचरन, तिलकराम, शिवकुमार, धर्मवीर, धर्मपाल और परसराम प्रतिमा लगने का विरोध कर रहे थे। आरोप है कि कई बार एकराय होकर प्रतिमा को क्षतिग्रस्त करने का प्रयास कर चुके हैं। बुधवार की देर रात करीब 2 बजे लोगों ने एक साथ मिलकर बंदूक व तमंचे लेकर सार्वजनिक स्थल पर पहुंचे। जहां पर भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा को हथौड़े और डंडों से क्षतिग्रस्त कर दिया। जानकारी होने पर वह हरीशपाल, हरिशंकर, सेवाराम, रमेश, महेशपाल के साथ मौके पर पहुंचे। प्रतिमा खंडित करने का विरोध किया तो सभी लोगों ने गालीगलौज शुरू कर दिया और जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि सतेन्द्र ने प्रतिमा से उतारी माला पर लघुशंका भी कर दिया। पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि, फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है।


प्रदर्शनकारियों को समझाते सीओ फरीदपुर गौरव सिंह और नवाबगंज थाना प्रभारी राहुल सिंह। ● अमृत विचार


लोगों से मिलने पहुंचीं सुनीता गंगवार। ● अमृत विचार

### प्रतिमा की मरम्मत कराने के आश्वासन पर शांत हुए प्रदर्शनकारी

पूरे दिन चली वार्ता के बाद अधिकारियों ने आंबेडकर समर्थकों को प्रतिमा की मरम्मत कराने पर सहमत कर लिया और सुरक्षा के लिए गांव में पुलिस बल की तैनाती कर दी। इस दौरान पहुंचे भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष सुशील गौतम व महासचिव सुनील गौतम के साथ ही मण्डल अध्यक्ष दुर्वेश अली ने आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई करने के साथ ही स्थल पर नई प्रतिमा लगाए जाने की मांग भी की। देर रात तक पुलिस बल के साथ सीओ गौरव सिंह घटना स्थल पर ही जमे रहे।

### भाजपा पर जातीय संघर्ष को बढ़ावा देने का लगाया आरोप

**बरेली, अमृत विचार :** नवाबगंज के गांव गंगापुर में बाबा साहेब की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त करने से दलित समाज के लोगों में आक्रोश व्याप्त होने की जानकारी मिलने पर पैनी नजर सामाजिक संस्था की अध्यक्ष और रोहिलखंड प्रांत आम आदमी पार्टी की उपाध्यक्ष एडवोकेट सुनीता गंगवार भी मौके पर पहुंचीं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक समाज को गलत रास्ते पर चलवाकर संघर्ष कराने का काम कर रही है, लोगों को जमीनी मुद्दों से हटा रही है। उन्होंने जातीय संघर्ष को बढ़ावा देने का भी आरोप लगाया।

### समर्थन में पहुंचे पूर्व जिपं सदस्य की दूसरे पक्ष की महिलाओं से तकरार, हाथापाई

गांव गंगापुर में बाबा साहेब की प्रतिमा क्षतिग्रस्त होने की सूचना पर सुबह पूर्व जिला पंचायत सदस्य नीरू सिंह सागर समर्थकों के साथ घटनास्थल पर पहुंच गई। इस दौरान उनकी विरोधी पक्ष की महिलाओं से खासी तकरार हो गई। चर्चा है कि इस दौरान एक दूसरे के साथ हाथापाई भी हुई।

> आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर चार को गिरफ्तार कर लिया गया। अन्य की तलाश की जा रही है। थाना प्रभारी को लापरवाही के आरोप में लाइन हाजिर कर दिया गया है। सुभाषनगर इंस्पेक्टर को नवाबगंज की कमान दी गई है। जिले में माहौल खराब करने वाले किसी भी उपद्रवी को बख्शा नहीं जाएगा।
>
> -अनुराग आर्य, एसएसपी

### पूर्व जिला पंचायत सदस्य रात में ही समर्थकों के साथ पहुंचे

जानकारी होने पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य नीरू सिंह सागर देर रात में ही अपने समर्थकों के साथ मौके पर पहुंचे। कुछ ही समय में मामला आग की तरह फैल गया। इस पर एसडीएम उदित पवार, तहसीलदार दुष्यंत प्रताप सिंह के साथ ही सीओ फरीदपुर गौरव सिंह, कोतवाल राहुल सिंह, एसएचओ क्योलड़िया जितेन्द्र सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पूरे दिन सभी अधिकारी वहां पर रहकर मामले को सुलझाने का प्रयास करते रहे। शाम चार बजे एडीएम ई पूर्णिमा सिंह और एसपी उत्तरी मुकेश मिश्रा भी मौके पर पहुंचे और घटना के बारे में जानकारी हासिल की।


गांव में पहुंचे एडीएम ई और एसपी उत्तरी। ● अमृत विचार

## दो बच्चों को कुत्तों ने किया घायल, भर्ती

- बिशारतगंज में घर के बाहर खेल रहे बच्चे पर आवारा कुत्तों ने किया हमला
- आजमनगर में पालतू कुत्ते ने सात साल की बच्ची को काटा

**बरेली, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के आजमनगर और बिशारतगंज में दो बच्चों को कुत्तों ने काट लिया। एक बच्ची पर पालतू कुत्ते और एक बच्चे पर आवारा कुत्तों ने हमला किया। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

कोतवाली क्षेत्र की आजमनगर बांसमंडी निवासी रिंकू ने बताया कि उनकी सात साल की बेटी धारा बुधवार शाम घर के आंगन में थी, तभी पालतू कुत्ते ने काटकर घायल कर दिया। परिजनों ने उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। इसके अलावा थाना बिशारतगंज क्षेत्र के ढका गांव में सात साल का अनिल गुरुवार सुबह घर के बाहर खेल रहा था, तभी अचानक से कुत्तों के झुंड ने उस पर हमला कर दिया। जिसमें उसके पैर में घाव हो गया। बच्चे की रोने की आवाज सुनकर आसपास के लोगों ने किसी तरह से उसे बचाया। उसके बाद बच्चे को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अनिल की मां कांति देवी ने बताया कि क्षेत्र में इन दिनों कुत्तों की संख्या बढ़ती जा रही है। जिससे बच्चों और बुजुर्गों को खतरा बना हुआ है। आए दिन आवारा कुत्ते लोगों पर हमला करके घायल कर दे रहे हैं।

# बाबा साहब की प्रतिमा तोड़ने का आरोप, लोगों ने किया हंगामा

- मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझा-बुझाकर कराया शांत
- बच्चे के खेलने से छूट गया था पेंट पुलिस ने मूर्ति का कराया पेंट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** कोतवाली थाना परिसर के सामने स्थित पार्क में लगी डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा तोड़ने का आरोप लगाते हुए बसपा और भीम आर्मी के पदाधिकारियों ने गुरुवार को जमकर हंगामा किया। पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। सीओ प्रथम आशुतोष शिवम और थाना प्रभारी अमित पांडे ने सभी को समझा-बुझाकर शांत कराया। पुलिस ने प्रतिमा पर पेंट करा दिया है।

दरअसल, भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा को लेकर बरेली जिले में दो स्थानों पर पहले से विवाद चल रहा है। इसी बीच शहर के बीचो-बीच स्थित आंबेडकर पार्क में लगी प्रतिमा को तोड़ने का आरोप लगाते हुए बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राजीव कुमार और भीम आर्मी के मंडल अध्यक्ष अजय प्रधान के नेतृत्व में दर्जनों लोगों की भीड़ गुरुवार सुबह पार्क में पहुंची। जहां पर प्रतिमा खंडित करने की कोशिश करने का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस के सामने ही पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विरोध जताया। आक्रोशित लोगों ने आरोप लगाया कि माहौल खराब करने के लिए आंबेडकर की प्रतिमा को जानबूझ कर क्षतिग्रस्त किया गया है। अनुयायियों ने यह भी आरोप लगाया कि प्रतिमा की सुरक्षा के कोई पुख्ता इंतजाम नहीं हैं, जबकि यह पार्क शहर के अत्यंत संवेदनशील और प्रमुख क्षेत्र में आता है।

सूचना पाकर कोतवाली इंस्पेक्टर अमित कुमार पांडे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने गुस्साए लोगों को समझाने का प्रयास किया और भरोसा दिलाया कि घटना को गंभीरता से लेते हुए जांच की जा रही है। पुलिस की प्राथमिक जांच में सामने आया है कि पार्क में कुछ बच्चे खेल रहे थे। इस दौरान प्रतिमा के कुछ हिस्सों का पेंट छूट गया था। इस पर प्रदर्शनकारियों ने पूरी प्रतिमा को पेंट कराने की बात रखी। पुलिस ने पूरी प्रतिमा को पेंट कराने का आश्वासन दिया। इसके बाद प्रदर्शनकारी शांत होकर चले गए।


प्रदर्शन करते बसपा और भीम आर्मी के पदाधिकारी। ● अमृत विचार


लोगों को समझाती पुलिस।

> कुछ बच्चों के खेलने के दौरान मूर्ति के कुछ हिस्से का पेंट छूट गया था। पुलिस की तरफ से पेंट कराया जा रहा है। साथ ही सभी प्रदर्शनकारियों को समझा कर वापस भेजा गया है। मूर्ति की देख-रेख के लिए पुलिस को भी भविष्य में लगाया जाएगा। माहौल खराब करने की कोशिश करने वाले लोगों को बख्शा नहीं जाएगा।
>
> -आशुतोष शिवम, सीओ प्रथम

## सड़क किनारे खड़े युवक को डंपर ने रौंदा

**भुता, अमृत विचार :** बरेली-बीसलपुर मार्ग पर सड़क किनारे खड़े युवक की डंपर की टक्कर से मौत हो गई। गांव भवनपुर नियाम तुल्ला निवासी नन्हें बख्श (55) किसी काम से गए थे। वह घर लौटते समय से राजपुरी नवादा मोड़ के पास निजी स्कूल के सामने सड़क के नीचे खड़े थे। इसी दौरान पीछे से आए डंपर ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों ने अज्ञात डंपर चालक के खिलाफ तहरीर दी है।

# कार की स्कूटी में टक्कर से इलेक्ट्रीशियन की मौत

- बिशप मंडल इंटर कॉलेज से बेटे को खाना देकर जा रहा था इलेक्ट्रीशियन, साथी घायल
- हादसे के बाद कार छोड़कर भागा कोतवाली पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की कर रही तलाश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** मिशन मार्केट के पास तेज रफ्तार इनोवा क्रिस्टा कार ने पीछे से स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटी सवार इलेक्ट्रीशियन की मौत हो गई और साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद चालक कार छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने कार को कब्जे में ले लिया है। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर चालक की तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार कार एक मार्बल कारोबारी के बेटे की है।

कैंट के सदर बाजार निवासी वीरेंद्र कुमार (48) स्कूटी पर अपने साथी आशीष उर्फ मोना के साथ अपने भाई दीपक के लिए बिशप मंडल इंटर कॉलेज में खाना देने के लिए आए थे। नुमाइश में दीपक की दुकान लगी है। बुधवार रात 11:30 बजे घर जाते समय मिशन मार्केट और बटलर प्लाजा के बीच में सामने पीछे से तेज गति से आ रही इनोवा कार ने स्कूटी को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि स्कूटी उछलकर करीब 10 फुट दूर जा गिरी। वीरेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि आशीष उर्फ मोना गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद चालक कार छोड़कर फरार हो गया। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने कार को कब्जे में ले लिया। भाई दीपक ने बताया कि वीरेंद्र इलेक्ट्रिकल वायरिंग का काम करते थे। रोज की तरह बुधवार को भी उन्हें खाना देने आए थे। शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर चालक की तलाश शुरू कर दी है।


वीरेंद्र (फाइल)।


घटना के बाद थाने में खड़ी कार।

# पेड़ से टकराकर ट्रेलर में लगी आग, चालक जिंदा जला

- नैनीताल रोड पर देवरनियां क्षेत्र में गुरुवार सुबह हुआ हादसा झारखंड का रहने वाला था शिबू कुमार खाटी

संवाददाता, बरेली/देवरनिया

**अमृत विचार :** देवरनियां थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह नैनीताल रोड पर डिवाइडर को पार करते हुए ट्रेलर पेड़ से टकरा गया और आग लग गई। इससे ट्रेलर में फंसे चालक की जिंदा जलकर मौत हो गई। पुलिस की सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। पुलिस ने चालक के शव को निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

पुलिस के अनुसार झारखंड के जमशेदपुर निवासी शिबू कुमार खाटी (38) ट्रेलर में लोहे के गर्डर लेकर उत्तराखंड जा रहा था। गुरुवार सुबह करीब 5 बजे देवरनियां थाना क्षेत्र में आला हजरत डिग्री कॉलेज के पास ट्रेलर अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार करते हुए रोड के दूसरी ओर जाकर पेड़ से टकरा गया। इस दौरान इंजन से निकली चिंगारी से ट्रक के केबिन में आग लग गई, जिसमें जिंदा जलकर शिबू कुमार की मौत हो गई। मौके पर पहुंचे इंस्पेक्टर देवरनियां की सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड ने आग पर काबू पाया। पुलिस ने चालक के परिजनों को सूचित कर दिया है। थाना प्रभारी आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। फॉरेंसिक टीम और अन्य तकनीकी पहलुओं की जांच कराई जा रही है।


पेड़ से टकराने के बाद जला ट्रेलर। ● अमृत विचार

### आग की लपटों को देखकर विचलित हुए लोग

स्थानीय लोगों ने बताया तेज धमाका होने के बाद ट्रेलर में आग लग गई और ऊंची-ऊंची लपटें उठने लगी। डर की वजह से लोग ट्रेलर के पास नहीं गए। कुछ लोगों ने आगे बढ़ने का प्रयास किया, लेकिन विकराल लपटों के आगे वे विवश हो गए। लोगों ने कहा कि कुछ मिनट तक वे लोग चालक की चीखे सुनकर विचलित होते रहे, बाद में चीखें शांत हो गईं। बताया कि हादसे का मंजर बड़ा ही हृदय विदारक था।

### झपकी आने से हुआ होगा हादसा

पुलिस के अनुसार अधिक दूर से चालक ट्रेलर लेकर आ रहा था। इसकी वजह से चालक को झपकी आ गई होगी और ट्रेलर अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गया, जिस वजह से घटना हो गई। पुलिस के अनुसार चालक के परिवार में वह अकेला कमाने वाला था। चालक की मौत की सूचना सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन देर रात बरेली पहुंच गए।

प्रवेश प्रारम्भ
चन्द्रलोक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस
रजऊपरसपुर (बरेली) उ.प्र.
चिकित्सा के क्षेत्र में उज्जवल भविष्य बनाने हेतु उत्तम संस्थान
• उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं उ.प्र. सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
• सरकारी, अर्द्धसरकारी, सेना एवं विदेश में नौकरी के लिए मान्य
• सरकारी मानकों के अनुसार फीस एवं छात्रवृत्ति
स्थान सीमित शीघ्र प्रवेश लें
GNM (जनरल नर्सिंग एण्ड मिडवाइफरी)
3 Years (इंटरमीडिएट)
आयुष्मान भारत योजना एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना में निःशुल्क इलाज
विशेष सुविधाएं
• मेडिक्लेम, बीमा योजना
• ICU वेन्टीलेटर सुविधा
सिटी ऑफिस
चन्द्रलोक हॉस्पिटल
दूरबीन विधि द्वारा
• पित्त की थैली, पित्त की नली की पथरी (Lap Chole, ERCP),
• गुर्दे, यूरेटर की पथरी (PCNL, URS)
• प्रोस्टेट (गदूद) (TURP, TURBT)
• रसौली, बांझपन की जाँच
• बबासीर, हर्निया का ऑपरेशन
• मेडिक्लेम • स्त्री एवं प्रसूति रोग
• सभी प्रकार की सर्जरी
• पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउण्ड
• ट्रॉमा, हेड इंजरी, फ्रेक्चर आदि।
• ICU, कार्डियक मॉनिटर, वेन्टिलेटर,
• हृदय, सांस, गुर्दा रोग एवं डायबिटीज
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
सम्पर्क करें-
9458882565
9410002566
8859493000

# लीलौर झील को पुनर्जीवित कर पर्यटन स्थल बनाने का काम शुरू

## पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने हवन पूजन कर खुदाई कार्य की शुरुआत की, कहा- झील विकसित होने से व्यापार भी बढ़ेगा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** रामनगर स्थित महाभारत कालीन लीलौर झील को पुनर्जीवित कर पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की कवायद शुरू हो गई। बृहस्पतिवार को पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने झील के पुनरुद्धार कार्य की हवन पूजन कर शुरुआत की।


झील के पुनरुद्धार के लिए हवन-पूजन करते पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह। ● अमृत विचार

इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए धर्मपाल सिंह ने कहा झील विकसित होने से व्यापार भी बढ़ेगा। मुख्यमंत्री की मंशा के अनुसार नदियों और झीलों को पुनर्जीवित करने का कार्य प्रदेश में शुरू हुआ है। प्राचीन कालीन पांचाल प्रदेश की उत्तरी राजधानी अहिच्छत्र स्थित लीलौर झील महाभारत कालीन है। यहीं पर पांडवों के अग्रज युधिष्ठिर से यक्ष ने प्रश्न किए थे। पांडव और यक्ष संवाद की साक्षी यह भूमि है, जिस पर हम सभी बैठे हैं। यह झील नहीं है बल्कि यक्ष सरोवर है। लीलौर झील को पर्यटन के मानचित्र में भी दर्शाया जाएगा। अधिकारियों को निर्देश दिए कि पर्यावरण बचाने के लिए झील के किनारे पेड़-पौधे लगाकर उसका सौंदर्य बढ़ाएं। साथ ही लोगों से अपने घरों के आसपास अधिक से अधिक पौधे लगाकर पर्यावरण को बचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि गांव को साफ-सुथरा रखें, जिससे बीमारी न फैलें। यहां पर द्रोपदी थीम पार्क बनाने की भी योजना है, जो कि पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करेगा। उन्होंने कहा कि तहसील आंवला शिक्षा का हब बन चुका है, यहां पर चीनी मिल, डेयरी, इंडस्ट्री भी शुरू होने जा रही हैं।

डीएम अविनाश सिंह ने कहा कि बदायूं के सहसवान में स्थित सरसोता झील के बाद लीलौर झील का ही नाम आता है। यह सबसे प्राचीन झील में से एक है। हम सभी का प्रयास है कि इसको पुनर्जीवित कर पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करें, ताकि इसका लाभ सभी जनपद वासियों को मिल सके।

लीलौर झील लगभग 52 हेक्टेयर क्षेत्र में फैली है। इससे पहले मंत्री समेत सभी अफसरों ने फावड़े से खुदाई कार्य करके विधिवत कार्य की शुरुआत की। कार्यक्रम में सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, विधायक बिथरी चैनपुर डॉ. राघवेन्द्र शर्मा, विधायक नवाबगंज डॉ. एमपी आर्य, भाजपा जिलाध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह, ब्लॉक प्रमुख पति रामनगर मित्रपाल सिंह, सीडीओ देवयानी, एडीएम प्रशासन पूर्णिमा सिंह, एसडीएम आंवला नहने राम आदि संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# शिया समुदाय में निकले जुलूस ए अलम

## चांद नजर आते ही मोहर्रम माह की हुई शुरुआत, आंखें हुईं नम

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** गुरुवार शाम करीब 7 बजे मोहर्रम का चांद नजर आते ही शिया समुदाय में मजलिस-मातम का सिलसिला शुरू हो गया। चांद नजर आते ही हजरत इमाम हुसैन सहित कर्बला के 72 शहीदों की शहादत के गम में अजादार डूब गए। हजरत मोहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन सहित कर्बला के शहीदों के गम का यह सिलसिला दो महीने आठ दिन चलेगा। इमामबाड़ों में शबीहे अलम, ताबूत, ताजिया सजा दिए गए।


मोहल्ला गढ़ैया में चांद रात पर कदीमी जुलूस निकालते शिया समुदाय के लोग। ● अमृत विचार

हजरत इमाम हुसैन सहित बहत्तर कर्बला के शहीदों की याद में मनाए जाने वाले मोहर्रम का आगाज गुरुवार शाम को चांद नजर आते ही शुरू हो गया। मोहर्रम की चांद रात पर गुरुवार को शिया समुदाय में एक जुलूस अंजुमन गुलदस्ता ए हैदरी ने इमामबाड़ा हकीम आगा साहब गढ़ैया से और दूसरा जुलूस अंजुमन ऑल इंडिया गुलदस्ता ए हैदरी ने इमामबाड़ा वसी हैदर गढ़ैया से निकाला। दोनों जुलूस इमामबाड़ा मुहम्मद शाह गढ़ैया में समाप्त हुए।

ऑल इंडिया गुलदस्ता ए हैदरी के मीडिया प्रभारी शानू काजमी ने बताया शुक्रवार को पहले मोहर्रम से मजलिस और मातम का सिलसिला शुरू हो जाएगा। पहली मजलिस इमामबाड़ा मुहम्मद शाह गढ़ैया में सुबह 9 बजे से शुरू हो जाएगी। रात्रि मजलिस इमामबाड़ा फतेह अली शाह काला इमामबाड़ा में होगी। दिन भर यह सिलसिला चलता रहेगा। इमामबाड़ा मुहम्मद शाह गढ़ैया, हकीम आगा साहब गढ़ैया, वसी हैदर गढ़ैया, महबूब हुसैन कंघीटोला, दीवानखाना छीपीटोला, कबीर हसन छीपी टोला, दिन की मजलिसे इन इमामबाड़ों और रात की मजलिस इमामबाड़ा फतेह अली शाह काला इमामबाड़ा में एक मुहर्रम से शुरू हो जाएंगी।

# चौबारी घाट पर लोगों को बचाने के लिए की मॉक एक्सरसाइज

**बरेली, अमृत विचार:** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देश पर बाढ़ आपदा से बचाव और सुरक्षा के लिए रामगंगा नदी के किनारे चौबारी घाट पर जिला स्तरीय मॉक एक्सरसाइज कराई गई। इस दौरान डूबते हुए व्यक्ति को बचाने का भी अभ्यास किया गया।

एडीएम वित्त एवं राजस्व संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में तहसीलदार सदर भानु प्रताप सिंह, एनडीआरएफ के टीम कमांडर विनोद भैरवा, सिविल डिफेंस के उप नियंत्रक राकेश मिश्रा, जिला आपदा विशेषज्ञ कुंवर शुभ अक्षत सिंह के साथ आर्मी, वायुसेना, अग्निशमन, पुलिस, स्वास्थ्य, पूर्ति, परिवहन, पीएसी आदि विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों ने अपनी टीम के साथ प्रतिभाग किया। वहीं एसडीएम फरीदपुर मल्लिका नयन और एसडीएम मीरगंज तृप्ति गुप्ता के नेतृत्व में भी मॉक एक्सरसाइज की गई।


रामगंगा के चौबारी घाट पर मॉक एक्सरसाइज करती टीम। ● अमृत विचार

### 10 दिन बाद भी सचिवों को नहीं आवंटित हुए क्लस्टर

**बरेली, अमृत विचार:** जिले के 21 सचिवों का दूसरी ग्राम पंचायतों में स्थानांतरण हुए 10 दिन से अधिक हो गया है और उन्हें कार्यमुक्त भी कर दिया गया है, लेकिन किसी भी सचिव को नई तैनाती मिलने के बाद अब तक क्लस्टर आवंटित नहीं किए गए हैं।

इसकी वजह से सचिव परेशान हैं, क्योंकि वे खाली बैठे हुए हैं। इसके अलावा सचिवों में अधिकारियों के प्रति नाराजगी भी है, क्योंकि क्लस्टर आवंटित नहीं होने से उनके गांव में कार्य पिछड़ जाएंगे तो फिर काफी दिक्कत होगी। इससे रैंकिंग पर भी प्रभाव पड़ेगा। जिन सचिवों का स्थानांतरण किया गया है उनमें ओमेंद्र, श्वेता, पुष्पेंद्र, अजय कुमार, सुरेंद्रपाल आदि शामिल हैं।

# भमोरा-आंवला-शाहबाद स्टेट हाईवे के चौड़ीकरण का काम जल्द शुरू होगा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● स्टेट हाईवे के निर्माण के लिए वन विभाग की एनओसी जल्द मिलने की उम्मीद

**अमृत विचार:** भमोरा-आंवला-शाहबाद स्टेट हाईवे के तीन किमी हिस्से के चौड़ीकरण की बाधा जल्द दूर होने वाली है। जुलाई के पहले सप्ताह में एनओसी मिलने की उम्मीद है।

पीडब्ल्यूडी के निर्माण खंड के एक्सईएन राजीव अग्रवाल का कहना है कि इफ्को फैक्ट्री के आसपास चौड़ीकरण में बाधा बने पेड़ों के लिए वन विभाग को एनओसी देने के लिए दो बार पत्र लिखा गया था। वहां मंजूरी देने के साथ ही एनओसी जल्द जारी करने का आश्वासन मिला है।

भमोरा-आंवला-शाहबाद-बिलारी तक 88 किमी लंबा स्टेट हाईवे बनना प्रस्तावित है। यह हाईवे तीन जिलों को जोड़ेगा। इसमें बरेली में 46 किमी का हिस्सा है। भमोरा से शाहबाद के टांडा तक का सड़क चौड़ीकरण का काम काफी हद तक हो चुका है। आंवला में इफ्को के पास तीन किलोमीटर का हिस्सा पेड़ों के कटान की एनओसी के फेर में करीब तीन महीने से फंसा है। जुलाई के पहले सप्ताह में एनओसी मिलने के बाद यहां काम शुरू कर दिया जाएगा।

एक्सईएन के मुताबिक वर्तमान में स्टेट हाईवे की सड़क सात मीटर चौड़ी है। जिसे दोनों ओर डेढ़-डेढ़ मीटर बढ़ाकर 10 मीटर किया जा रहा है।

# दुकानदारों पर किराया बढ़ाने का दबाव, नोकझोंक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** नगर निगम की टीम गुरुवार को शहामतगंज सब्जी मंडी मार्केट में पहुंची। यहां पर टीम ने दुकानदारों पर किराया बढ़ाने और नामांतरण कराने का दबाव बनाया तो दुकानदारों और टीम में नोकझोंक हो गई। दुकानदारों ने सपा पार्षद राजेश अग्रवाल को मौके पर बुलाया। जब पार्षद ने नियमों का हवाला दिया तो टीम वापस लौट गई।


नगर निगम की कार्रवाई की जानकारी लेते पार्षद राजेश अग्रवाल।

बृहस्पतिवार दोपहर में नगर निगम की टीम के राजस्व निरीक्षक टिंकू सिंह, टीसी नीतीश और अनवीर अनुचर शहामतगंज सब्जी मंडी मार्केट में दुकानदारों के पास पहुंच गए। दुकानदारों का आरोप है कि टीम ने किराया बढ़ाने और नामांतरण कराने का दबाव बनाना शुरू कर दिया। सिकमी किराएदारों से टीम ने मूल आवंटियों को बुलाकर लाने के लिए कहा। इसी बात को लेकर दुकानदारों से काफी देर तक बहस हुई। इसी बीच दुकानदारों ने पार्षद राजेश अग्रवाल को फोन कर दिया। निगम में विशेष बोर्ड बैठक में मौजूद

● पार्षद के पहुंचने पर टीम ने बनाया बहाना, बोले जागरूक करने के लिए पहुंचे थे

पार्षद मौके पर पहुंच गए। पार्षद ने बताया कि उन्होंने टीम से कार्रवाई के संबंध में नगर निगम अधिनियम और शासनादेश दिखाने को कहा। इस पर वह नहीं दिखा सके और बहाना बनाने लगे कि वह दुकानदारों को जागरूक कर रहे हैं। उनसे 31 मार्च तक का किराया लिया जा रहा है। इस पर पार्षद ने टीम को चेतावनी दी कि दुकानदारों के साथ गलत व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने नियमानुसार नोटिस देकर कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने कहा कि बोर्ड बैठक में दुकानों के नामांतरण और किराया बढ़ोतरी का मानवता के आधार पर प्रस्ताव लाया जाएगा।

बता दें कि सोमवार को पार्षद राजेश अग्रवाल की अगुवाई में नगर निगम की दुकानों के किराएदार शिकायत लेकर नगर निगम पहुंचे थे। मेयर डॉ. उमेश गौतम को ज्ञापन देकर बताया था कि वह 50 से 70 साल से नगर निगम के किराएदार हैं। अचानक उनकी दुकान का किराया 10 से 12 गुना बढ़ा दिया गया है और 18 प्रतिशत जीएसटी लगा दिया गया है। मांग की थी कि बढ़ा किराया और जीएसटी नहीं लगाया जाए। इस पर मेयर ने आश्वासन दिया था लेकिन फिर भी टीम के पहुंच गई।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

ADITYA
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध।
IOL Master 700 द्वारा लैंस का नंबर
लेजर द्वारा आँख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
80000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
8077344353
समयः- प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री ऑपरेशन की सुविधा
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

# व्यापारियों ने जीएसटी सरलीकरण की आवश्यकता का मुद्दा उठाया

**बरेली, अमृत विचार:** पीलीभीत बाईपास स्थित एक होटल में बृहस्पतिवार रात उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन बरेली की बैठक में व्यापारियों ने जीएसटी सरलीकरण की आवश्यकता पर जोर दिया। व्यापारियों ने बरात घरों एवं बैंक्वेट हॉल में पार्किंग के मुद्दे पर की जा रही कार्रवाई का मामला भी उठाया।



उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन बरेली की बैठक में उपस्थित पदाधिकारी।

● उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन बरेली की बैठक संपन्न

संगठन के जिलाध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने मुख्य अतिथि इफ्को ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष हरीश रावत और विशिष्ट अतिथि इफ्को एम्प्लॉई यूनियन के अध्यक्ष सुखदेव सिंह का स्वागत किया। संगठन के महानगर अध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने विभिन्न व्यवसायियों को संगठन की सदस्यता दिलाई। रचित मेहरोत्रा, अजय राजपूत, संजू सक्सेना, आशु अग्रवाल, जाने आलम, चांद मोहम्मद आदि ने संगठन की सदस्यता ली। बैठक में व्यवसायी चांद मोहम्मद ने जीएसटी सरलीकरण की आवश्यकता की बात उठाई। बरात घर एवं बैंक्वेट हॉल स्वामियों में पार्किंग के विषय में बीडीए की ओर से की जा रही मनमानी का मुद्दा उठाया। इस अवसर पर डॉ. मोहित अग्रवाल ने वर्तमान परिस्थितियों में व्यापारियों के हित में शासन एवं प्रशासन की चुस्ती की सराहना की। कौशिक गंगवार एवं सचिन गंगवार ने कवि कमल सक्सेना, कमलकांत तिवारी, कमलेश मौर्य का स्वागत किया। बैठक के बाद कवियों ने ने अपनी रचनाओं से समा बांधा। संस्था के संरक्षक डॉ. पवन सक्सेना, डॉ. मोहित अग्रवाल, संयोजक संजय सिंह, युवा जिलाध्यक्ष कुलभूषण शर्मा, युवा महानगर अध्यक्ष अग्रिम गुप्ता, महानगर उपाध्यक्ष कुलदीप पाठक, रतन गुप्ता, विकास गंगवार, विजय गुप्ता, अंकुर गुप्ता, मधुर अग्रवाल, देवेंद्र तिवारी, सौरभ गुप्ता, एससी-एसटी आयोग के सदस्य संजय सिंह, फतेहगंज पश्चिमी के ब्लॉक प्रमुख सतेंद्र यादव प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### जंग और लड़ाई से कभी कोई मसला हल नहीं होता: शहाबुद्दीन

**बरेली, अमृत विचार:** ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने गुरुवार को एक बयान जारी कर कहा कि दुनिया का हर शख्स जानता है कि जंग और लड़ाई से कभी कोई मसला हल नहीं होता है, बल्कि बातचीत ही एक ऐसा माध्यम है जिससे मसले का हल निकाला जा सकता है।

ईरान और इजराइल की जंग में इजराइल के समर्थन में अमेरिका के खुलकर आ जाने से जंग ने व्यापक रूप ले लिया। अमेरिका का ईरान पर हमला फिर ईरान की जवाबी कार्रवाई ने पूरे क्षेत्र को घमासान बना दिया था। मगर खुशी की बात यह है कि कतर के अमीर और अमेरिकी राष्ट्रपति ने इजराइल और ईरान से बात करके जंग बंदी का ऐलान कर दिया। मौलाना ने कहा जंग बंद हुई यह तो ठीक है।

## सार-संक्षेप

### औषधीय पौधे को बचाए रखना जरूरी: विधायक



**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र इकाई-प्रथम के एक पौधा मां के नाम पौधरोपण कार्यक्रम के दूसरे दिन गुरुवार को कैंट विधायक संजीव अग्रवाल मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने आंवला का पौधा रोपने के बाद कहा कि पौधरोपण से ज्यादा जरूरी इस औषधीय पौधे को बचाए रखना है। जैसे मां अपने बच्चों को काला टीका लगाकर सुरक्षित करती है, उसी प्रकार ही पौधे को लगाने के साथ-साथ ट्री गार्ड सुरक्षा कवच के रूप में लगाया जाना चाहिए। बरेली कॉलेज के प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र इकाई- प्रथम के स्वयंसेवकों के परिसर में पर्यावरण संरक्षण के इस प्रयास का महाविद्यालय आभार व्यक्त करता है क्योंकि बरेली कॉलेज, शहर के बीचों बीच स्थित ऐसी शैक्षणिक संस्था है जो शिक्षा के साथ-साथ शहर को शुद्ध ऑक्सीजन भी प्रदान करती है। प्रो. वीपी सिंह, प्रो. मनमीत कौर, प्रो. एमबी कलहंस, शशांक गंगवार, विनीत यादव, तपन कुमार, ईशान गुप्ता, अमन यादव, नवनीत, हेमंत चौहान, शिव पूजन शंखधार, अभिषेक यादव, विवेक कुमार आदि मौजूद रहे।

### सच्चे समाज सुधारक थे छत्रपति शाहू जी महाराज



**बरेली, अमृत विचार :** अपना दल एस ने गुरुवार को कचहरी के पास स्थित कार्यालय पर छत्रपति शाहू जी महाराज की जयंती मनाई। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। जिलाध्यक्ष ने कहा कि शाहू जी महाराज ने न सिर्फ समाज सुधार का बीड़ा उठाया, बल्कि पिछड़े, दलित और वंचित वर्गों के लिए शिक्षा, रोजगार और आरक्षण का दरवाजा भी खोला था। जबकि पूरे भारत में अभी इस विचार की कल्पना तक नहीं की गई थी। कंचन लता ने कहा कि आज के दिन हम सबको यह संकल्प लेना चाहिए कि हम शाहू जी महाराज के दिखाए मार्ग पर चलते हुए हर वंचित तक शिक्षा, अवसर और न्याय पहुंचाने का प्रयास करेंगे। जिला मीडिया सचिव इंजी. निशांत सक्सेना, जिला सचिव महिला मंच आयुषी सक्सेना, जिलाध्यक्ष विधि मंच कालीचरण गंगवार, जिलाध्यक्ष व्यापार मंच विनोद मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष महिला मंच सुप्रिया सक्सेना, एड. सनुज सक्सेना, ताहिर आदि उपस्थित रहे।

### 29 जून से 5 जुलाई तक होगा पाठ



**बरेली, अमृत विचार :** बाबा त्रिवटीनाथ मंदिर में संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जाएगा। वृंदावन के कथा शिरोमणि पंडित सुरेश शास्त्री सत्संग भवन में 29 जून से 5 जुलाई तक भागवत कथा का पाठ करेंगे। मंदिर सेवा समिति के मीडिया प्रभारी संजीव औतार अग्रवाल ने बाबा त्रिवटीनाथ मंदिर में निर्माणाधीन जगत जननी नवदुर्गा मन्दिर की प्रगति के बारे में बताया। उन्होंने कहा अति सुंदर और भव्य मन्दिर बनाने जा रहा है, जिसकी दो मंजिला इमारत का कार्य पूरा हो चुका है, अन्य कार्य भी जल्द पूर्ण हो जाएंगे।

# भमोरा में खसरे का आउटब्रेक, एक ही गांव के चार बच्चों में पुष्टि

## कई साल बाद एक ही गांव में चार बच्चों में खसरे की पुष्टि होने से स्वास्थ्य विभाग हुआ अचंभित

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** नियमित टीकाकरण नहीं कराने पर बच्चे खसरा बीमारी की चपेट में आ रहे हैं। भमोरा के एक गांव में खसरा का आउटब्रेक हो गया है।

एक साथ चार बच्चों में खसरा की पुष्टि हुई है। इन बच्चों में लक्षण होने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बीते दिनों सैंपल लेकर लैब में जांच के लिए भेजे थे, हाल ही में आई रिपोर्ट में एक ही गांव के चार बच्चों समेत जिले के पांच बच्चे खसरा की गिरफ्त में मिले हैं। इससे स्वास्थ्य अधिकारी भी अचंभित हैं।

- शासन ने दिए विशेष निगरानी के निर्देश स्वास्थ्य विभाग की टीम सभी बच्चों को करेगी प्रतिरक्षित

**इसलिए जरूरी है टीकाकरण**

रुबेला का टीकाकरण कराकर बच्चों को कई तरह की जानलेवा बीमारियों से बचाया जा सकता है। जिन बच्चों को टीका नहीं लगता है उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाती है और वे अक्सर बीमार रहने लगते हैं। निमोनिया, विटामिन ए की कमी, नाक, कान, गले का संक्रमण समेत अन्य समस्या हो सकती है।

**पूरे साल में सामने आते हैं 4 से 5 मामले**

स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार जिले में साल भर में 4 से 5 मामले ही सामने आते रहे हैं, लेकिन एक ही गांव में एक साथ चार मामले सामने आना चिंताजनक है। जिस भी गांव में मरीज सामने आए हैं उन गांवों में रहने वाले 9 माह से 5 साल तक हर बच्चे को एमआर की अतिरिक्त डोज दी जाएगी। इसके लिए संबंधित सीएचसी को निर्देशित कर दिया गया है।

> आउटब्रेक के मद्देनजर, बच्चों को अतिरिक्त डोज लगाई जाएगी, वहीं लगातार निगरानी भी की जाएगी। अभिभावकों से अपील है कि गंभीर बीमारियों से बचाव के लिए बच्चों का नियमित रूप से टीकाकरण अवश्य कराएं।
> – डॉ. विश्राम सिंह, सीएमओ

**ये लक्षण होने पर लें सलाह**

- बुखार
- सूखी खांसी
- नाक का बहना
- गले में खराश
- आंखों में सूजन, जलन
- मुंह के अंदर गालों में सफेद धब्बे होना
- शरीर पर रैशेज़ हो जाना।

**इन गांव में बच्चे मिले ग्रसित**

स्वास्थ्य विभाग से मिली रिपोर्ट के अनुसार भमौरा के गांव चकराहा में चार बच्चों में मिजल्स यानि खसरे के लक्षण मिलने पर सैंपल जांच के लिए भेजे गए थे। रिपोर्ट में पुष्ट होने पर बच्चों को इलाज आरंभ किया गया है। इसके साथ ही रामनगर निवासी एक बच्चा भी खसरे की गिरफ्त में मिला है।

## स्कूलों की मान्यता के लिए अब 30 जून तक कर सकेंगे आवेदन

**बरेली, अमृत विचार :** माध्यमिक स्कूलों की मान्यता के लिए आवेदन की तिथि एक बार फिर बढ़ा दी गई है। क्षेत्रीय सचिव मुन्ने अली ने बताया कि उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव भगवती सिंह ने इस संबंध में आदेश जारी किया है।

शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए विद्यालयों की मान्यता के लिए ऑनलाइन आवेदन 30 जून तक विलंब शुल्क के साथ कर सकते हैं। 30 जून के बाद आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। डीआईओएस को विद्यालयों को प्राप्त आवेदनों के सत्यापन के बाद इसकी सूचना 10 जुलाई तक क्षेत्रीय सचिव कार्यालय उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

# भुता ब्लॉक से स्कूल विलय की शुरुआत

## जिले में विलय के लिए 617 स्कूल किए गए हैं चिह्नित, लगातार हो रहा विरोध

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** परिषदीय स्कूलों के विलय के जोरदार विरोध के बीच जिले में गुरुवार को पहली विलय की शुरुआत भुता ब्लॉक के अठाना और अठेन स्कूल से हुई। अब तक 617 चिह्नित स्कूलों में से 47 स्कूलों के विलय पर मोहर लग चुकी है, जिसमें बिथरी चैनपुर, भुता, भदपुरा, आलमपुर जाफराबाद, फरीदपुर, नवाबगंज आदि हैं। शेष स्कूलों की भी विलय की प्रक्रिया जारी है। अभिभावकों और स्थानीय लोगों को विलय होने के सकारात्मक पहलू बताए जा रहे हैं। स्कूल विलय के लिए अंतिम अनुमति स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष की होगी। सरप्लस शिक्षकों को करना है ट्रांसफर के लिए आवेदन, साइट व्यस्त

बरेली, अमृत विचार : जिले के परिषदीय स्कूलों के 1141 शिक्षकों से सरप्लस घोषित होने के बाद ऑनलाइन ट्रांसफर के लिए आवेदन गुरुवार तक मांगे गए, लेकिन बुधवार और गुरुवार को साइट नहीं चलने से शिक्षकों को दिक्कत हुई। दो दिन तक छकाने के बाद गुरुवार शाम 4 बजे वेबसाइट खुली तो शिक्षकों ने आवेदन किए। आवेदन में आ रही समस्याओं को देखते हुए शासन स्तर से आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 29 जून कर दी गई है।

**नगर क्षेत्र में पड़ेगा स्कूल विलय का सकारात्मक असर : बरेली, अमृत विचार :** नगर क्षेत्र में 109 स्कूलों में 25 स्कूलों का विलय होने के लिए छंटनी हो चुकी है। इन स्कूलों में पहले से बच्चे कम थे और सुविधाओं का अभाव था। विलय के बाद इन स्कूलों में नगर क्षेत्र के सरप्लस हुए 16 शिक्षकों की उपयोगिता बढ़ जाएगी। इससे पहले नगर क्षेत्र में 109 स्कूलों पर शिक्षक 142 और 63 शिक्षा मित्र और अनुदेशक थे। अब स्कूलों की संख्या कम होने से बच्चों के लिए शिक्षण संसाधन और गुणवत्ता बढ़ेगी। नगर शिक्षा अधिकारी दिनेश चंद्र जोशी ने बताया नगर क्षेत्र में स्कूल विलय का निश्चित ही फायदा होगा, लेकिन ये भी देखा जा रहा है जो स्कूल भौतिक रूप से छोटा है या बच्चों की पहुंच से दूर हो जाएगा, उसे विलय की श्रेणी से मुक्त कर दिया जाएगा।

### समायोजन के लिए शिक्षकों का नाम स्पष्ट करने की मांग

**बरेली, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने गुरुवार को बीएसए से सरप्लस शिक्षकों के समायोजन और स्थानांतरण को लेकर अपनी मांगे रखीं। मांग की कि समायोजन के लिए सरप्लस में नाम भी स्पष्ट होना चाहिए, जिससे कोई भ्रम की स्थिति न आए। समायोजन में विकल्प वाले स्कूल न मिलने पर अन्य स्कूल में भेजने के लिए बाध्य न किया जाए। समायोजन ब्लॉक के शिक्षक को वरीयता दी जाए। कंपोजिट स्कूल के इंचार्ज प्रधानाध्यापक को और अन्य स्कूल के इंचार्ज को समायोजन से मुक्त रखा जाए। प्राथमिक विद्यालयों के हेडमास्टर को समायोजन से मुक्त रखा जाए क्योंकि जितने सरप्लस है उतने रिक्त पद नहीं है। इस अवसर पर संघ के मांडलिक मंत्री केसी पटेल व जिलाध्यक्ष नरेश गंगवार व अन्य सदस्य उपस्थित रहे।




स्कूलों को मर्ज करने के विरोध में सांकेतिक प्रदर्शन। • अमृत विचार

### स्कूलों को मर्ज करने के विरोध में सांकेतिक प्रदर्शन

**बरेली, अमृत विचार :** समाजवादी बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी ने 27 हजार से अधिक स्कूलों को मर्ज करने के विरोध में चौकी चौराहे पर सांकेतिक प्रदर्शन किया। समाजवादी छात्रसभा के महासचिव अमरीश यादव ने बताया कि सरकार छात्रों को शिक्षा से वंचित करेगी तो पूरे जिले में आंदोलन किया जाएगा। जावेद ने कहा कि सरकार अपने फैसल को वापस ले, नहीं तो छात्रों के सम्मान में शीघ्र ही उग्र आंदोलन होगा। यूथ ब्रिगेड के महासचिव संदीप मौर्य ने सरकार को गरीब, पिछड़ा और दलितों का विरोधी बताया और कहा कि जब गरीब पढ़ेगा नहीं तो रोजागार कैसे मांगेगे। सरकार की यही मंशा है न स्कूल होंगे और न छात्र पढ़ेंगे। नंदलाल मौर्य, किशन, अतीक, राहुल, अकरम आदि मौजूद रहे।

# कलयुग में हरि नाम संकीर्तन ही करता है उद्धार: शंभूनाथ

कार्यालय संवाददाता, बरेली



कथा सुनाते आचार्य शंभूनाथ।

**अमृत विचार :** प्रभात नगर में श्री सोमनाथ मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा में सातवें दिन गुरुवार को आचार्य शंभूनाथ योगी ने सुदामा चरित्र का सुंदर वर्णन किया। आचार्य ने बताया कि कलयुग में हरि नाम संकीर्तन ही मनुष्य का उद्धार कर सकता है। कथा के विश्राम पर राधा कृष्ण के स्वरूप के साथ सभी भक्तों ने मिलकर फूलों की होली खेली। सभी भक्तों ने एक दूसरे पर पुष्प वर्षा की।

शुक्रवार को हवन के बाद विशाल भंडारा किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि में डॉ. अशोक मेहंदीरत्ता और विशिष्ट अतिथि डॉ. शरद अग्रवाल, डॉ. संदीप मेहरोत्रा, डॉ. डीके गुप्ता, डॉ. बीपी शर्मा, डॉ. अरविंद अग्रवाल, आयोजक संजीव अग्रवाल, नीमा अग्रवाल, महावीर अग्रवाल, नीरू रानी अग्रवाल, रजत शर्मा, मोना शर्मा, संजीव शर्मा, वंदना शर्मा और मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारी महेश अग्रवाल, अमर सिंह, आशुतोष गोयल, भुवनेश अग्रवाल, यूजी रस्तोगी, रविंद्र शर्मा आदि उपस्थित रहे।

रूहेलखण्ड कमिश्नरी का प्रथम विधि विद्यालय
SHRIJI INSTITUTE OF LEGAL Vocational Education & Research
Estd. 2003
(SILVER LAW COLLEGE)
(Approved by BCI & Affiliated to MJPRU)
ADMISSION OPEN 2025-26
DIRECT ADMISSION
LL. B. 3 Yrs. Course After Graduation
B.A. LL.B. 5 Yrs. Course After 12th
College Code : 119
General 45%, OBC 42%, SC/ST 40%
(in Intermediate & Graduation)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :
9837485855, 9411472001
7983811321, 7906220708, 9068232656
Email.: ravibhatnagar.slcbly@gmail.com
Add : Vill. Barkhapur, PO. Mudia Ahamad Nagar, 12th Km. Pilibhit Road, Bareilly



बिहारीपुर खत्रियान में बिहारीजी मंदिर में भागवत कथा के दौरान भजनों पर झूमते भक्त। • अमृत विचार

# नौ ग्रहों के फेर से बड़ा है भगवान का अनुग्रह


**बरेली, अमृत विचार :** बिहारीपुर खत्रियान स्थित प्राचीन श्री बिहारी जी मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन गुरुवार को वृंदावन से पहुंचे कथा व्यास व्योम त्रिपाठी ने बांके बिहारी के भजनों के साथ कथा की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि नौ ग्रह के अलावा एक और ग्रह है। वह है भगवान का अनुग्रह, यदि आप इसमें आगे बढ़ गए या आप पर भगवान का अनुग्रह है तो कोई भी ग्रह आपका कुछ न बिगाड़ पाएगा। उन्होंने आगे कहा कि इस संसार में सभी का एक दूसरे से यहीं तक संबंध है बाकी लोकों में तो बिहारी जी से संपर्क है। आत्मा को जिस खुराक की जरूरत है वो यहां भागवत में बिहारी जी के चरणों में मिलेगी। उन्होंने बताया भगवान शिव ही सबसे बड़े वैष्णव हैं और नारायण ही सबसे बड़े शैव हैं। किसी भी भगवान में कोई भेद नहीं है सब एक ही हैं। कार्यक्रम में पूर्व उपसभापति अतुल कपुर, पार्षद सोनिया, मुकेश अग्रवाल, पूनम अग्रवाल, अनूप मेहरोत्रा, अंशु मेहरोत्रा, मीनू कपूर, रीना गर्ग, शिवम कपूर, शेफाली खण्डेलवाल आदि उपस्थित रहे।

# ई-संजीवनी: एक साल में 90 हजार से अधिक मरीजों ने टेली मेडिसिन सेवा का लिया लाभ

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** ई-संजीवनी के तहत संचालित टेली मेडिसिन सेवा का लाभ हजारों मरीजों को घर बैठे मिल रहा है। जिले में बीते साल में 90 हजार से से अधिक मरीजों को इलाज मिला है।

करीब चार पहले यह सेवा शुरू हुई थी लेकिन जागरूकता के अभाव में इसका लाभ लेने वाले मरीजों की संख्या कम थी लेकिन अब हर माह 200 से 300 मरीज ऑनलाइन परामर्श ले रहे हैं। टेली मेडिसिन सेवा का लाभ देने में प्रदेश में बरेली का जिला अस्पताल टॉप 5 में शामिल होने पर शासन ने भी प्रबंधन को पत्र जारी कर सराहना की है। वहीं अधिक से अधिक मरीजों को लाभांवित करने का भी आदेश दिया है।



टेली मेडिसिन कक्ष में मरीजों को उपचार देते डॉ. आरिफ।

**ऐसे ले सकते हैं लाभ :** जिले के हर हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर (एचसीडब्ल्यू) पर टेली मेडिसिन सुविधा है। ई-संजीवनी ओपीडी सेवा के तहत घर बैठे ही रोगी चिकित्सक से परामर्श ले सकेत हैं। मरीज को स्मार्टफोन, कंप्यूटर के जरिए ई-संजीवनी ओपीडी डॉट इन वेबसाइट पर पंजीयन करना होगा। इसके बाद उसके मोबाइल पर ओटीपी आएगा। इसे डालकर पूरी जानकारी के साथ रोगी अपना पंजीयन करा सकेंगे। इसके बाद उन्हें टोकन नंबर जारी होगा। इसके साथ लॉग इन करना होगा जिसके बाद कॉल विशेषज्ञ डॉक्टर के पास आएगी। वह तुरंत मरीज को परामर्श देंगे।

- जिले में लगातार ई-संजीवनी योजना के तहत संचालित टेली मेडिसिन सेवा का हो रहा विस्तार

> टेली मेडिसिन सेवा का विस्तार लगातार हो रहा है। मरीजों को त्वरित लाभ मिल सके इसके लिए तीन डॉक्टरों की टीम कक्ष में तैनात है। समय-समय पर डॉक्टरों से मरीजों की रोजाना आने वाली कॉल संबंधी रिपोर्ट ली जा रही है।
> – डॉ. अलका शर्मा, एडीएसआईसी, जिला अस्पताल

स्नातक पंजीकरण प्रवेश की 25.06.25 अंतिम तिथि आज
सरदार बल्लभ भाई पटेल डिग्री कॉलेज
भोजीपुरा रेलवे स्टेशन से पूर्व की ओर
Contact No. 9412287776, 9412288876, 9412288878, 9457507777
निःशुल्क प्रवेश सत्र 2025-26 स्नातक प्रथम वर्ष
B.A | B.Sc | B.Com | B.Sc (Home Science) | B.B.A | B.C.A.
अन्य संचालित कोर्स
M.A. | M.Sc | M.Sc (Home Science) | M.A. (Home Science) | M.A. (Drawing And Painting)
D.PHARMA (BTE Code 2143) | B.ED | B.T.C. (D.El.Ed.) | B.EL.ED
डी.एस.आर.कॉलेज ऑफ फॉर्मेसी
BTE CODE - 2079
रिछा-जहानाबाद रोड पिपरानानकार बहेड़ी, बरेली
DSR PUBLIC SCHOOL
Approved By - CBSE BOARD (NEW DELHI)
Affiliation No 2132019 (NC to XIIth)
Contact No. 9719807777, 9719817777, 9719827777 9719837777, 9719847777
चेयरमैन डा.हरीशंकर गंगवार, Mob No.9412287777

# बच्चों का नियमित टीकाकरण अवश्य कराएं

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** जिला महिला अस्पताल में मॉडल इम्युनाइजेशन सेंटर का उद्घाटन गुरुवार को सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह ने किया। इस दौरान सीएमओ ने कहा कि सेंटर खोलने का उद्देश्य है जहां पर न तो अभिभावकों को दिक्कत हो और न ही बच्चे को। इस सेंटर में प्रतीक्षा कक्ष, बच्चों के लिए प्ले एरिया, स्तनपान के लिए प्राइवेट स्थान की व्यवस्था है।

उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि कोई भी बच्चा नियमित टीकाकरण से न छूटे, क्योंकि टीकाकरण बच्चे को 12 जानलेवा बीमारियों से बचाता है। पांच साल में सात बार बच्चे का नियमित टीकाकरण कराएं। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. प्रशांत रंजन ने बताया कि सभी 21 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (यूपीएचसी) पर सोमवार को छोड़कर प्रत्येक दिन टीकाकरण किया जा रहा है। लाभार्थी किसी भी दिन आकर बच्चे का टीकाकरण करवा सकते हैं। पहले नियमित टीकाकरण बुधवार और शनिवार को होता था। टीके पूरी तरह से सुरक्षित हैं। टीका लगने के बाद बुखार आने का मतलब है कि यह प्रभावी है। यह पूरी तरह से निशुल्क लगाया जाता है।

इस अवसर पर नोडल एनयूएचएम डॉ. अजमेर सिंह, जिला महिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. त्रिभुवन प्रसाद, अपर शोध अधिकारी धर्मेंद्र कुमार और एपीएस गंगवार, वीसीसीएम धर्मेंद्र सिंह और नायला जमाल, एएनएम डिम्पल, आराधना समेत अन्य मौजूद रहे।



मॉडल इम्युनाइजेशन सेंटर का उद्घाटन करते सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह।

- जिला महिला अस्पताल स्थित मॉडल इम्युनाइजेशन सेंटर का सीएमओ ने किया उद्घाटन

# आज निकलेगी भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा



जगन्नाथ मंदिर में पूजन करते विधायक संजीव अग्रवाल और महंत नीरज नयन दास। • अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** सिकलापुर स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर में रसोई की शुरुआत गुरुवार को तुलसी मठ के महंत नीरज नयन दास और कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने की। मीडिया प्रभारी रिशुल अग्रवाल ने बताया मंदिर के व्यवस्थापक श्री राधा संकीर्तन मंडल के तत्वाधान में शुक्रवार को भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा निकाली जाएगी। यात्रा दोपहर 12 बजे से शुरू होगी। इससे पहले जगन्नाथ जी का स्नान और हवन कराया जाएगा। रथयात्रा सिकलापुर से आयुर्वेदिक कॉलेज, साहू गोपीनाथ, फर्नीचर मार्केट, नगर निगम के पीछे से होते हुए पटेल चौक, नावल्टी, रोडवेज होते हुए फिर जगन्नाथ मंदिर पर समाप्त होगी। इसमें चंदौसी से एक ढोल नागाड़ों का बैंड, एक बरेली का बैंड, राधा कृष्ण (युगल सरकार) की झांकी, सीता राम सरकार की झांकी और मुख्य झांकी निकाली जाएगी। साथ ही आकर्षण का मुख्य केंद्र जगन्नाथ भगवान का रथ जिस पर भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा भी साथ होंगे।

वर्ष 1988 से खुसरो मैमोरियल ट्रस्ट द्वारा संचालित
खुसरो कॉलेज
स्लीपर रोड सी.बी.गंज, बरेली
फोन 7417587162, 8923928009
Courses Offered:
B.A., B.Sc, B.Com, B.B.A., BCA, M.Com, M.Sc. (Chemistry, Physics, Zoology, Botany, Mathematics) M.A. (English, Hindi, Economics) Sociology, Political Science, Urdu, Education, History
नोटः- इस वर्ष आधी फीस पर प्रवेश

